जरिये ई मेल

कार्यालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर।

क्रमांक :– 14 दिनांकः– 20-2-25

–:: कार्यालय – आदेश ::–

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर के पत्र क्रमांक Reg-CPC/Ecourts/2016/599 Dated 09.06.2016 एवं माननीय जिला एवं सैशन न्यायाधीश महोदय, धौलपुर के कार्यालय आदेश स्था./2021/104 दिनांक 03.07.2021 के द्वारा धौलपुर न्याय क्षेत्र के मुख्यालय स्थित सैशन न्यायालय, विशेष न्यायालयों, अपर सेशन न्यायालयों, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं मजिस्ट्रेट स्तर के न्यायालयों के इतजार नतीजा में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे मुलजिमान की विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से न्यायिक अभिरक्षा की अवधि बढाने के लिये श्री भीमसिंह मीणा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर को दिनांक 01.03.2025 से दिनांक 30.04.2025 तक दो माह के लिये समय सुबह 11.00 ए.एम. से 12.30 पी.एम. के लिये अधिकृत किया जाता है।

श्री भीमसिंह मीणा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर के उक्त अवधि में किसी भी प्रकार के अवकाश अथवा अनुपस्थिति की सूरत में उक्त कार्य हेतु सुश्री करूणा न्यायिक मजिस्ट्रेट, संख्या–2 धौलपुर को उनके भी अनुपस्थित रहने की दशा में सुश्री सुमन मीणा सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर को अधिकृत किया जाता है। उक्त सभी के किसी भी प्रकार के अवकाश अथवा अनुपस्थिति की सूरत में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर द्वारा उक्त कार्य संपादित किया जावेगा।

नोट :– सभी न्यायालयों के रीडर उन प्रकरणों का न्यायिक अभिरक्षा वारंट जिसमें नतीजा पेश नहीं हुआ है, को माह मार्च 2025 व अप्रेल 2025 में समय 11.00 ए.एम. तक वीडियों कान्फ्रेसिंग कक्ष में पहुँचावे तथा बाद कार्यवाही उक्त न्यायिक अभिरक्षा वारंटों को वीडियों कान्फ्रेसिंग कक्ष से प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
धौलपुर।

क्रमांक :– रीडर/2025/234 दिनांक :– 20-2-25

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित है :–

1. श्रीमान् जिला एवं सैशन न्यायाधीश महोदय, धौलपुर।
2. श्रीमान् समस्त पीठासीन अधिकारीगण, धौलपुर न्यायक्षेत्र, धौलपुर।
3. अधीक्षक, जिला कारागृह, धौलपुर।
4. सर्वर रूम, धौलपुर को बेबसाईट पर अपलोड करने के लिये।
5. आदेश पत्रावली।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
धौलपुर।